# सीनेट और एकेडमिक काउंसिल के चुनाव में छह निर्विरोध जीते

## सोमवार रहा नामांकन-पत्र वापसी का दिन

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के सीनेट और एकेडमिक काउंसिल के चुनाव में कुछ श्रेणियों में नामांकन-पत्र वापस लेने के आखिरी दिन 6 उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिये गए. चुने गए उम्मीदवारों में राज्य के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राजेश टोपे की पत्नी मनीषा टोपे और राज्य की ग्राम विकास मंत्री पंकजा मुंडे के वैद्यनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामचंद्र इप्पर शामिल हैं.

विवि सीनेट चुनाव में प्रबंधन, प्राचार्य, विश्वविद्यालय शिक्षक और एकेडमिक काउंसिल वर्ग में नामांकन- पत्र वापस लेने का आज आखिरी दिन था. प्रबंधन वर्ग में पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राजेश टोपे की पत्नी मनीषा टोपे ने उत्कर्ष पैनल से अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया था. उनके मुकाबले विश्वविद्यालय के विकास मंच की डॉ कल्पलता पाटील भारस्वाडकर थीं. आखिर में डॉ भारस्वाडकर के नामांकन-पत्र वापस लेने से श्रीमती टोपे निर्विरोध चुनी गईं. यह स्थितियां तब बनीं, जब पूर्व मंत्री टोपे और ग्राम विकास मंत्री मुंडे के बीच संपर्क हुआ, तब एक-एक उम्मीदवार निर्विरोध चुनने की बात पर समझौता हुआ. जिससे प्राचार्य वर्ग से पंकजा मुंडे समर्थक प्राचार्य डॉ रामचंद्र इप्पर निर्विरोध चुने गए. उनके खिलाफ बीड़ के बलभीम के प्राचार्य डॉ वसंत सानप ने अपना नामांकन-पत्र वापस लिया.

इसके अलावा प्रबंधन वर्ग में उत्कर्ष पैनल के राहुल म्हस्के, प्राचार्य वर्ग में डॉ शिवदास शिरसाठ, डॉ तृप्ति देशमुख निर्विरोध चुने गए. वहीं दूसरी ओर एकेडमिक काउंसिल में डॉ रमेश मंझा भी निर्विरोध चुने गए.

उधर,बामुक्टो संगठन के डॉ विक्रम खिल्लारे ने कहा कि उनका संगठन शिक्षक वर्ग में सीनेट की 8 सीटों पर चुनाव लड़ेगा. वह पूरी ताकत से प्रचार करेगा. उनका दावा है कि उन्हें नाम वापस लेने के लिए प्रलोभन दिया गया था. इस बीच, अभाविप समर्थित विवि विकास मंच के डॉ इप्पर के निर्विरोध चुने जाने के बाद विश्वविद्यालय में जश्न मनाया गया.

## सीनेट चुनाव में पहले दिन दो नामांकन- पत्र भरे गए

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में स्नातक सीनेट चुनाव के नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज से आरंभ हुई. पहले दिन विवि के चुनाव विभाग में 2 नामांकन-पत्र भरे गए. यह नामांकन-पत्र बिक्री और स्वीकृति की प्रक्रिया आगामी शनिवार तक जारी रहेगी.



दस सदस्यीय सीनेट के लिए विवि में पिछले लंबे समय से सीनेट चुनाव की तिथियों की प्रतीक्षा की जा रही थी. आज से सप्ताह भर विवि के प्रकाशन विभाग से नामांकन-पत्र सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच लिये व स्वीकार किए जाएंगे. इन नामांकन-पत्रों की छंटनी 11 से 15 नवंबर के बीच होगी. 15 नवंबर की रात नौ बजे वैध और अवैध नामांकन-पत्रों की घोषणा की जाएगी. 19 नवंबर को वैध नामांकन-पत्रों की सूची जारी होगी. 20 नवंबर को नामांकन-पत्र वापस लिये जाएंगे. 20 नवंबर को ही रात नौ बजे अंतिम उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी होगी. 4 दिसंबर को सुबह 8 से शाम पांच बजे तक मतदान होगा. 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे से मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे. इस चुनाव में उम्मीदवार केवल स्नातक ही होंगे, जिनमें से 5 उम्मीदवार सामान्य प्रवर्ग और पांच आरक्षित वर्ग से होंगे.

इस बार सीनेट चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार अधिक रहने की संभावना है. चुनावों में राजनीतिक दल से समर्थित पैनलों के उतरने की संभावना है. कुछ इच्छुक उम्मीदवार अपना प्रचार और प्रसार अभियान काफी पहले से चला रहे हैं. कुछ इच्छुक उम्मीदवारों ने विवि से संबद्ध चार जिलों के दौरे भी किए हैं. विवि में अक्सर विद्यार्थियों की समस्याओं के लिए आंदोलन करने वाले विद्यार्थी संगठन चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं.

### सीनेट के लिए विवि के शिक्षक अंभोरे का नामांकन-पत्र वैध

**औरंगाबाद.** डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के शिक्षक सीनेट वर्ग में डॉ शंकर अंभोरे का नामांकन-पत्र वैध ठहराया गया है. आपत्तियों पर सुनवाई के बाद कुलपति डॉ बीए चोपड़े ने यह निर्णय दिया. बताया जाता है कि विश्वविद्यालय विकास मंच की ओर से एससी वर्ग से डॉ शंकर अंभोरे का नामांकन-पत्र दाखिल किया गया था. इस नामांकन-पत्र पर प्रा दिगंबर गंगावणे व उत्कर्ष पैनल के उम्मीदवारों ने आपत्ति जताई थी. इस बीच, डॉ अंभोरे का कहना है कि यह केवल उन्हें बदनाम करने की साजिश थी. वहीं आपत्ति जताने वाले गंगावणे का कहना है कि कुलपति ने अपील की सुनवाई के समय उन्हें बात रखने का मौका नही दिया.



औरंगाबाद में सोमवार को विकास जैन ने सभागृह नेता का पदभार संभाला. पदभार संभालने के बाद उन्हें बधाई देते सांसद चंद्रकांत खैरे, महापौर नंदकुमार घोड़ेले, प्रदीप जायस्वाल, संजय शिरसाट, अंबादास दानवे, राजू वैद्य व अन्य.

# सभागृह नेता जैन ने संभाला पदभार

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

मनपा सभागृह नेता पद का पदभार सोमवार को विकास जैन ने स्वीकार किया. इस अवसर पर सांसद चंद्रकांत खैरे ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर उनका स्वागत किया. जैन के पदभार स्वीकारने से पहले सांसद खैरे ने सभागृह नेता के कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया. पदभार स्वीकारने के बाद जैन के समर्थकों ने मनपा मुख्यालय के सामने जोरदार आतिशबाजी की.

पदभार संभालने के बाद जैन को नगरसेवक और अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी. इस अवसर पर जिला प्रमुख अंबादास दानवे, मुन्ना त्रिवेदी, महानगर प्रमुख प्रदीप जायसवाल, महापौर नंदकुमार घोड़ेले, सुहास दाशरथे, शहर प्रमुख संतोष जेजूरकर, अनिल पोलकर, राजू वैद्य, मनपा गुट नेता मकरंद कुलकर्णी, स्थाई समिति के सभापति गजानन बारवाल, नगरसेवक ऋषिकेश खैरे, त्र्यंबक तुपे, राजेंद्र जंजाल, मनोज बल्लाल, सचिन खैरे, शिल्पारानी वाड़कर, स्मिता नागरे, कीर्ति शिंदे, संगीता सानप, यशश्री बाखरिया, आशा भालेराव आदि उपस्थित थे.

### मनगटे नहीं आए

दो महीने पहले सभागृह नेता पद से हटाए जाने वाले नगरसेवक गजानन मनगटे को सामान्यत: सभागृह नेता का पदभार जैन को सौंपना चाहिए था, लेकिन वह नही आए. हालांकि उन्हें बुलाने के काफी प्रयास किए गए.

### खैरे की उपस्थिति भी चर्चा में

पूर्व सभागृह नेता चंद्रकांत खैरे विशेष रूप से आज उपस्थित थे. विशेष बात यह है कि दो-तीन दिन पहले खैरे की बैठक में ही विकास जैन को सभागृह नेता बनाए जाने की घोषणा हुई थी. इसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्मा गया था. यह समझा जाता है कि सांसद खैरे ने अब मनपा में अपने गुट के लोगों को अहम पदों पर पहुंचा दिया है और कभी पालक मंत्री रामदास कदम के खासमखास रहे लोग दूर किए जा रहे हैं. इसका परिणाम जल्द ही पार्टी स्तर पर नजर आ सकता है.

# वक्फ बोर्ड के कार्यालय में लगाया गया ताला

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के कामकाज से नाराज तहरीक औकाफ संगठन के पदाधिकारियों ने बोर्ड के कार्यालय पर सोमवार को ताला ठोंक दिया.

तहरीक औकाफ संगठन के अध्यक्ष शब्बीर अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारी और सदस्य वक्फ बोर्ड के कार्यालय पहुंचे. संगठन का आरोप है कि वक्फ बोर्ड कामकाज को लेकर काफी लापरवाह हो गया है. दूर-दराज से लोग काम के लिए आते हैं, लेकिन अधिकारी और कर्मचारी जगह पर नहीं रहते. इससे उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ता है. राज्य सरकार ने वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण शुरू किया है, लेकिन वक्फ बोर्ड सर्वेक्षण को लेकर भी उदासीन बना हुआ है. सर्वेक्षण करने वाले लोगों को वक्फ बोर्ड से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही है. इससे वक्फ बोर्ड की करोड़ों की संपत्ति के नुकसान होने की संभावना है. वक्फ बोर्ड के सदस्य वक्फ के हित में काम करने के बजाय सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप में लगे हुए हैं. हर सदस्य एक-दूसरे पर वक्फ को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा रहा है. वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्तियों के हित में काम करने के बजाय आपसी रस्साकशी और राजनीति में लगा हुआ है.

### तहरीक औकाफ संगठन ने कामकाज पर जताई नाराजगी




आखिरकार तंग आकर आज संगठन ने वक्फ बोर्ड के पनचक्की स्थित कार्यालय पहुंचकर उसमें ताला ठोंक दिया. इस अवसर पर अंसारी के साथ मिर्जा कयूम नदवी, इरफान कप्तान, सैयद अब्दुल रहीम, गुफरान अंसारी, नासेर खान, मोहम्मद तैयब, अरसलान आदि उपस्थित थे.

# बंजारा समाज अनुसूचित जनजाति में शामिल हो

औरंगाबाद | 6 नवंबर लोस सेवा

बंजारा मिशन के संस्थापक अध्यक्ष देवराव राठोड़ ने देशभर के बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर आरक्षण देने की मांग की है.

डॉ बाबासाहब आंबेडकर शोध केंद्र में मिशन के समारोह के पहले पत्रकार सम्मेलन में राठोड़ ने बताया कि सात राज्यों में बंजारा समाज का अनुसूचित जाति में तथा पांच राज्यों में अनुसूचित जनजाति में समावेश है. महाराष्ट्र में बंजारा समाज का विमुक्त घुमंतू जाति में समावेश है. उन्होंने कहा कि पूरे देश में बंजारा समाज की भाषा और वेशभूषा एक है. ऐसा होते हुए भी बंजारा समाज का समावेश एक वर्ग में नहीं है. इसी वजह से बंजारा मिशन की ओर से जन आंदोलन का आयोजन किया गया है. उन्होंने कहा कि आगामी 11 दिसंबर को दिल्ली में सभी संबंधित व्यक्तियों से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे. इसके बाद जंतर मंतर पर आंदोलन किया जाएगा. आंदोलन की तरीख अभी तक तय नहीं हो सकी है. इस अवसर पर देवराव राठोड़ ने समय समय पर किया हुआ पत्राचार भी दिखाया. इस कार्यक्रम में बेंगलुरु के चंद्रशेखर नाईक, मुंबई के शिवचरण शेर एवं भूषण राठोड़, औरंगाबाद के वीरू राठोड़, संतोष चव्हाण एवं शारदा चव्हाण, पुणे के वसंत जाव, बीड़ के रोहिदास पवार एवं संजय चव्हाण, नीलेश राठोड़, उत्तम पवार आदि मान्यवरों ने मार्गदर्शन किया. गौरतलब है कि कर्नाटक, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना में बंजारा समाज अनुसूचित जाति में शामिल है.




औरंगाबाद में सोमवार को तहरीक औकाफ के पदाधिकारी पनचक्की स्थित वक्फ बोर्ड के कार्यालय में ताला लगाते हुए. पदाधिकारी वक्फ बोर्ड के कामकाज से नाराज हैं.

**बाजार** • टमाटर 50 से 60 रु और प्याज 40 से 60 रुपए किलो में बिक रहा

# हफ्ते भर में सब्जियों के भाव में आई तेजी

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

पिछले हफ्ते भर में बाजार में सब्जियों के दामों में तेजी आ गई है. बाजार में अधिकतर सब्जियों के भाव 40 रुपए प्रति किलो से ऊपर चल रहे हैं. पिछले हफ्ते में 40 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर सोमवार को थोक में 50 तो फुटकर बाजार में 60 रुपए किलो पर पहुंच गया, वहीं प्याज भी थोक में 40 रुपए और फुटकर में 60 रुपए किलो में बिका.

बाजार में लहसुन 40 रुपए से 50 रुपए, अदरक 50 से 60 रुपए, अरबी 50 से 60 रुपए, बैंगन 60 रुपए, फूल गोभी 50 से 60 रुपए, शिमला मिर्च 50 से 60 रुपए, बीट रूट 50 रुपए किलो में बाजार में मिल रहे हैं. सबसे ज्यादा तेजी टमाटर और प्याज में देखने को मिली.

**घटी आवक, बढ़े दाम**

शाहगंज मंडी के थोक कारोबारी रमेश भावसार ने बताया कि सब्जी मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई है. फिलहाल प्याज और टमाटर की आवक सामान्य दिनों की अपेक्षा एक चौथाई ही रह गई है, जिसके कारण बाजार में इनके भावों में इजाफा हो रहा है. इसके साथ ही केवल स्थानीय उत्पादकों की तरफ से ही सब्जी की आवक हो रही है. बाहर से सब्जी नहीं आने से भी भाव बढ़ गए हैं.

### सोमवार को शहर में सब्जियों के भाव-

- आलू- 10 से 15 रुपए
- टमाटर-50 रुपए
- प्याज- 40 रुपए
- बैंगन- 60 रुपए
- शेवगा फली- 100 रुपए
- नींबू - 30 रुपए
- लहसुन-40 से 50 रुपए
- अदरक- 50 से 60 रुपए
- शिमला मिर्च- 50 से 60 रुपए,
- अरबी - 50 रुपए
- करेला - 40 रुपए
- गवार फली - 40 रुपए
- गिलकी - 40 रुपए
- तुरई - 40 रुपए

### अन्य शहरों से सस्ते हैं टमाटर और प्याज

सब्जी कारोबारियों के अनुसार टमाटर और प्याज के भाव औरंगाबाद में अन्य शहरों की अपेक्षा कम हैं. प्रदेश के अन्य शहरों में टमाटर 60 से 80 रुपए किलो और प्याज 60 से 70 रुपए किलो तक बिक रहे हैं.



# औरंगाबाद महामैराथन के लिए ग्रुप बुकिंग आरंभ

आयोजन 17 दिसंबर को : प्रतिष्ठित नागरिक, दिग्गज खिलाड़ी दौड़ेंगे

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

वर्तमान समय में नियमित रुप से दौड़ना केवल खेल ही नहीं, बल्कि तंदुरुस्त रहने के लिए एक शौक बन गया है. जिसके लिए औरंगाबाद अपवाद नहीं है, क्योंकि औरंगाबाद महामैराथन-2017 के लिए व्यक्तिगत, समूह, सामान्य नागरिक, धावक, कंपनी कर्मचारी, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर अपने नाम दर्ज कराना आरंभ कर दिया है.

सैफरॉन लैंडमार्क प्रस्तुत महामैराथन में इस बार सभी सुरक्षा बल, पुलिस और विशेष आरक्षी दल के धावकों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे.

विदित हो कि लोकमत समूह ने औरंगाबाद प्रीमियर लीग, खेल महोत्सव के सफल आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक अवसर दिया है. आगामी 17 दिसंबर को होने जा रही औरंगाबाद महामैराथन भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है. जिसमें आम आदमी से लेकर खिलाड़ियों तक को 'फिटनेस' की प्रेरणा मिलती है और वे अपने जीवन में स्वस्थ-तंदुरुस्त रहने के लिए प्रेरित होते हैं. साथ ही साथ एक अनुशासित धावक कैसे सफलता अर्जित करता है, यह भी लोकमत समूह के माध्यम से आयोजित महामैराथन में सिद्ध होता है.

यूं तो मराठवाड़ा की राजधानी और ऐतिहासिक शहर औरंगाबाद में स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता दिखती है. रोजाना लोग अपने स्वास्थ्य की खातिर अलग-अलग खेल मैदानों, पार्कों में दौड़ने का अभ्यास कर खुद को फिट रखने की कोशिश करते हैं. जिससे शहर में 'एक रनिंग कल्चर' का विकास होता है. लोकमत समूह के आयोजन से इन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलता है. बीते वर्ष लोकमत समूह की ओर से आयोजित महामैराथन में अनेक 'रनिंग ग्रुप' सहभागी हुए थे. इस साल उनकी संख्या बढ़ने की संभावना है.

### ग्रुप बुकिंग : तुरंत संपर्क करें

महामैराथन में पंजीयन कराने के लिए जालना रोड स्थित लोकमत भवन, रीगल लॉन पर रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है. इस स्पर्धा में स्कूल, महाविद्यालय, कंपनी कर्मचारी, रनर्स ग्रुप समूह के रूप में एक साथ भाग ले सकते हैं. आयोजकों ने महामैराथन में ज्यादा से ज्यादा धावकों और नागरिकों से पंजीयन का आहवान किया है.

Brought to you by SAFFRON LANDMARKS
Aurangabad Maha Marathon
A LOKMAT INITIATIVE
21km
17 Dec 2017
Associate Sponsor riso Ricebran Oil
Powered by DHOOT TRANSMISSION
#MahaMarathon /MahaMarathon

औरंगाबाद 17/12/2017 | कोल्हापूर 28/01/2018 | नागपूर 11/02/2018

स्पर्धा
Half Marathon - 21 Kms
Power Run - 10 Kms
Fun Run - 5 Kms
Family Run - 3 Kms

अधिक जानकारी व ग्रुप बुकिंग के लिए मोबाइल क्रमांक 9921030700, या 0240-3021708 पर संपर्क किया जा सकता है. इस महामैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीयन भी किया जा सकता है. इसके लिए धावक www.mahamarathon.com पर क्लिक करें.

| स्पर्धा | आयु वर्ग | श्रेणी |
|---|---|---|
| हाफ मैराथन 21 किमी | 18 से 45 | पुरुष (खुला वर्ग-भारतीय) |
| | 18 से 40 | महिला (खुला वर्ग-भारतीय) |
| | 45 से अधिक | पुरुष (वरिष्ठ वर्ग-भारतीय) |
| | 40 से अधिक | महिला (वरिष्ठ वर्ग-भारतीय) |
| | 18 से 45 | पुरुष (विदेशी नागरिक) |
| | 18 से 40 | महिला (विदेशी नागरिक) |
| पॉवर रन 10 किमी | 18 से 45 | पुरुष (खुला वर्ग-भारतीय) |
| | 18 से 40 | महिला (खुला वर्ग-भारतीय) |
| | 45 से अधिक | पुरुष (वरिष्ठ वर्ग-भारतीय) |
| | 40 से अधिक | महिला (वरिष्ठ वर्ग-भारतीय) |
| | 18 से 45 | पुरुष (विदेशी नागरिक) |
| | 18 से 40 | महिला (विदेशी नागरिक) |

**फन रन** 05 किमी: 12 वर्ष से अधिक के पुरुष, महिला, लड़के, लड़कियां, भाग ले सकते हैं.

**फैमिली रन** 03 किमी: माता-पिता व 12 वर्ष से कम के दो बच्चे.

**रनर कप** पुरुष (सभी सुरक्षा बल, पुलिस और विशेष आरक्षी दल)

**रनर कप** महिला (सभी सुरक्षा बल, पुलिस और विशेष आरक्षी दल)

### मैराथन का मार्ग

- हाफ मैराथन गारखेड़ा परिसर के संभागीय क्रीड़ा संकुल से आरंभ होगी.
- मैराथन शहानूरमियां दरगाह, होटल अमरप्रीत, सतीश मोटर्स शोरुम मार्ग से निराला बाजार की ओर पहुंचेगी.
- बाद में धावक मिल कॉर्नर, आमखास मैदान, नौबत दरवाजा, किलेअर्क, दिल्ली गेट, हडको कॉर्नर, टीवी सेंटर, बलीराम पाटील हाईस्कूल, बजरंग चौक, जलगांव रोड, होटल लेमन ट्री, सेवन हिल पुल, गजानन महाराज मंदिर के मार्ग से जाएंगे.

मैराथन का समापन संभागीय क्रीड़ा संकुल पर होगा.

# धमकी देकर पगारिया से रुपए मांगने वाला निकला पूर्व कर्मचारी

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

शहर के जानेमाने व्यापारी राहुल पगारिया को पत्र भेजकर सात लाख रुपए की फिरौती मांगने वाला कोई और नहीं पगारिया का पूर्व कर्मचारी ही निकला.

अपराध शाखा ने उसे दो वर्ष पहले के एक पत्र के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. गिरफ्तार किए गए पूर्व कर्मचारी की पहचान मिसारवाड़ी निवासी 36 वर्षीय सुरेश शंकरराव नरवड़े के रूप में की गई. अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक शिवाजी कांबले ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि राहुल पगारिया को गत 19 अक्तूबर को एक रिक्शा चालक के माध्यम से पत्र भेज कर सात लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी. पत्र मिलने के बाद पगारिया ने पुलिस आयुक्त यशस्वी यादव से मुलाकात की थी. इस बीच, पुलिस ने पत्र पगारिया के सुरक्षा रक्षक तक पहुंचाने वाले रिक्शा चालक शेख चांद शेख अहमद को गिरफ्तार किया था. मुकुंदवाड़ी के अंबिकानगर निवासी 43 वर्षीय रिक्शा चालक पत्र देने वाले की पहचान नहीं बता पाया था.

आखिरकार पुलिस ने पगारिया के पास काम करने वाले तथा पिछले कुछ वर्षों में काम छोड़ने वाले लोगों की जानकारी हासिल करना शुरू किया. इस बीच, दो वर्ष पहले नौकरी से हटाए गए वाहन चालक नरवड़े ने सिमकार्ड के लिए प्रबंधन से आवेदन किया था. आवेदन के हस्ताक्षर और फिरौती मांगने वाली पत्र के हस्ताक्षरों की जांच की गई तो पता चला कि हस्ताक्षर एक जैसे ही थे. इस बीच, नरवड़े के बारे में जानकारी हासिल की गई तो पता चला कि उसने एक फाइनांस कंपनी से कर्ज लेकर रिक्शा खरीदी थी.

रिक्शा के कर्ज की चार-पांच किस्त नहीं भरने से वह परेशानी में फंस गया था. आखिराकर पुलिस ने उसे रविवार को दोपहर के समय कब्जे में लिया. पूछताछ के बाद उसने अपराध स्वीकार कर लिया.

### दो वर्ष पहले के पत्र के आधार पर किया पर्दाफाश

# 'ईपीएस' अल्प पेंशनधारकों का जन आक्रोश सम्मेलन आज

औरंगाबाद | 6 नवंबर | लोस सेवा

'ईपीएस-95 सेवानिवृत्त कर्मचारी राष्ट्रीय समन्वय समिति की ओर से कल, सात नवंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे शाहगंज स्थित गांधी भवन में जन आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है.

राज्य के सभी अर्ध सरकारी कार्यालय, एसटी निगम, विद्युत विभाग, सहकारिता बैंक, शक्कर कारखाने, निजी कारखाने आदि में नौकरी कर सेवानिवृत्त होने वाले कामगार और कर्मचारियों को आठ सौ से ढाई हजार रुपए तक पेंशन मिलती है. आज के दौर में यह पेंशन काफी कम है. राज्य में पांच लाख और देश में 56 लाख पेंशनधारकों की यह समस्या है. इस समस्या की ओर से सरकारों का ध्यान आकर्षित कराने के लिए वर्ष 2012 से मोर्चे, आंदोलन आदि जारी हैं. इसके बावजूद पेंशन में वृद्धि नहीं हुई है.

इस बीच, पेंशनधारकों ने उक्त मांग को लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत के नेतृत्व में दिल्ली में मोर्चा निकालने का निर्णय लिया गया है. इस मोर्चे की तैयारी को लेकर एक बैठक कल, सात नवंबर को रखी गई है. इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में अल्प पेंशनधारकों को उपस्थित रहने का आह्वान समिति के महासचिव एड सुभाष देवकर, उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुलकर्णी, जीवी गाड़ेकर, वीआर चव्हाण, बलराम पाटे, नीलकंठ वरकड़, नाना निंबालकर, एसबी मंसूरी, लालमियां शाह, शिवाजी शिंदे, माधुरी जोशी, शारदा देवकर आदि ने किया है.

Govt Reg.No.7342
पेन केअर इंस्टीट्युट
ऑर्थोपेडीक सर्जन द्वारे सल्ला व उपचार



संधेवात, गुडघेदुखी, मान, पाठ,कंबरदुखी मायग्रेन (डोकेदुखी), फ्रोझन शोल्डर (खांदेदुखी) सायटीका, स्लिप डिस्क, टाचदुखी, टेनिस ऐल्बो हातापायात मुंग्या येणे
अपना बाजार, बाफना ज्वेलर्स समोर, जालना रोड, औरंगाबाद.
9822899660, 9422713387, 9767442040
( कृपया अपॉईंटमेंट घेऊनच येणे )
सोमवार ते शुक्रवार फक्त

आता प्रथमच सेक्स समस्यांवर अत्याधुनिक विदेशात प्रचलित लेझर व व्हॅक्युम थेरेपी उपचार
विवाहापुर्वी व विवाहानंतर समस्यांसाठी एम.बी.बी.,एस.एम.डी. डॉक्टरांचा सल्ला
हस्तमैथुन, स्वप्नदोष, विर्यदोष, शिघ्रपतन, इंद्रीय शिथिलता, पुरुष वंधत्व
हायपोगोनॅडिझममुळे इंद्रीय समस्या, मधुमेहामुळे आलेली लैगिंक शिथीलता
ऑलीगोस्पर्मीया : शुक्रजंतुची संख्या कमी असणे. अॅझुस्पर्मीया: शुक्रजंतुची संख्या अजीबात नसणे.



आशाकिरण क्लिनीक १९८५ पासुन शास्त्रीयोक्त मार्गदर्शन केंद्र
३८, निराला बाजार, बाटा शोरुम समोर, औरंगाबाद. वेळ - स.११ ते ३ व सायं.७ ते ९ शनिवार रविवार बंद
कृपया अनावश्यक खर्चीक व फसव्या उपचारापासुन सावध मो. 7769856821 9767132521